## गुस्ताखी माफ



हर दिन लगभग डेढ़ सौ, पकड़ लिये सरकार।
फिर भी इनकी देखिए, है पूरी भरमार।
है पूरी भरमार, नहीं ये क्यों घट पाते।
इतने तस्कर नये, कहां से आते जाते।
कह साहिल कविराय, कहीं है कुछ तो चक्कर।
इतनी सॉलिड पुलिस, ले रहे फिर भी टक्कर।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 207 | TUESDAY 04-08-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# नामी कारोबारी के साथ साइबर फ्रॉड, ठगों ने मोबाईल हैक कर निकाले एक करोड़

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/3 अगस्त। लुधियाना में एक बार फिर से साइबर ठगों द्वारा लोगों को अपना शिकार बनाना शुरू कर दिया गया है। ठगों द्वारा ज्यादातर बड़ी फर्म मालिकों से ही ठगी की जा रही है। ताजा मामला लुधियाना के एक नामी ट्रेडिंग कारोबारी से जुड़ा हुआ सामने आया है।

चर्चा है कि उक्त कारोबारी के साथ साइबर ठगों द्वारा करीब एक करोड़ रुपए की ठगी मारी गई। उनके मोबाईल फोन को पहले हैक किया गया, जिसके बाद उनके खाते से पेमेंट ट्रांसफर कर ली गई। हालांकि मोबाईल हैक का पता चलते ही कारोबारी ने इस संबंध लुधियाना पुलिस कमिश्नर को शिकायत की। पुलिस कमिश्नर द्वारा तुरंत साइबर सैल को एक्टिव किया गया। जिसके चलते चर्चा है कि कारोबारी की 80 प्रतिशत तक पेमेंट रिकवरी हो चुकी है। हालांकि इस संबंध में अभी तक पुलिस द्वारा कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है।

## पुलिस ने 4 घंटे में रिकवर किए 80 लाख




### आरके रोड पर ट्रेडिंग का करते हैं कारोबार

जानकारी के अनुसार चीमा चौक के नजदीक आरके रोड के नामी कारोबारी का ट्रेडिंग का कारोबार है। जिसके चलते इस घटना के बाद पूरे इंडस्ट्रियल सेक्टर में हड़कंप मचा दिया है। कारोबारियों में डर का माहौल है। हालांकि पुलिस विभाग द्वारा हमेशा उनके साथ खड़े होने का आश्वासन दिया जा रहा है।

### साइबर सैल के प्रयासों से हुई बड़ी रिकवरी

कारोबारी का कहना है कि ठगी का पता चलने के बाद वे एकदम परेशान हो चुके थे। क्योंकि उनकी पूरी उम्र की कमाई ठगी में जा रही थी। लेकिन साइबर सैल के प्रयासों से उनकी मेहनत की कमाई बच गई। उनके अनुसार पुलिस का कहना है कि 80 प्रतिशत पेमेंट की रिकवरी हो चुकी है। हालांकि अभी उन्हें यह पेमेंट नहीं मिली है। इसे वे कानूनी तरीके से हासिल करेगें। लेकिन बाकी की पेमेंट रिकवरी के लिए भी साइबर सैल द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

### पहले किया मोबाईल हैक, फिर हुई ट्रांजेक्शन

चर्चा है कि साइबर ठगों द्वारा गत शनिवार रात को 2-3 उक्त कारोबारी का मोबाईल हैक किया। जिसकी मदद से बैंक खाते की जानकारी जुटाते हुए उसमें 4 बेनिफिशरी बैंक अकाउंट जोड़े और २४ घंटे बीत जाने के बाद रविवार रात ५० लाख रु ट्रांसफर किए फिर सोमवार सुबह ५० लाख और ट्रांसफर किए। रविवार और मोबाईल हैक होने के कारण कारोबारी को इसकी भनक नहीं लगी। लेकिन सोमवार सुबह बैंक खाते का बैलेंस नेगटिव आने से कारोबारी को घबराहट हो गई जब जाँच की तो सारा मामला सामने आया।

### साइबर ठगी से बचाव को हमेशा रहे अलर्ट

लुधियाना में आए दिन लोगों के साथ साइबर ठगी होने की घटनाएं हो रही है। लेकिन इसके लिए लोगों को अलर्ट होने की जरुरत है। लोगों को अपनी सेफ्टी खुद करनी होगी। जिसके चलते ऑनलाइन शॉपिंग लिंक, अज्ञात नंबरों से आए मैसेज और कॉल को रिस्पांस न दें। वहीं अगर साइबर ठगी की आशंका हो तो तुरंत संबंधित साइबर सैल से संपर्क करें।

# 36 घंटे हिरासत के बाद सुषमा बिल्डटेक के डायरेक्टर को छोड़ने की चर्चा, 3.85 करोड़ के कथित धोखाधड़ी मामले में हुआ समझौता!

मोहाली/लुधियाना/यूटर्न/03 अगस्त। मोहाली की रियल एस्टेट कंपनी सुषमा बिल्डटेक लिमिटेड के डायरेक्टर प्रतीक मित्तल को 3.85 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी मामले में करीब 36 घंटे तक पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। इस चर्चा से आज पूरा दिन बाजार गर्म रहा। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को लुधियाना के फोकल प्वाइंट थाना पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की थी।

हालांकि पुलिस ने न तो हिरासत की आधिकारिक पुष्टि की और न ही गिरफ्तारी दिखाकर उन्हें अदालत में पेश किया। सूत्रों का दावा है कि डायरेक्टर को राहत दिलाने के लिए कई प्रभावशाली राजनेताओं और रसूखदारों ने सक्रिय भूमिका निभाई। बताया जा रहा है कि उनकी मध्यस्थता में शिकायतकर्ता और कंपनी के बीच समझौता हो गया। समझौते के तहत शिकायतकर्ता को नकद भुगतान किया गया, जबकि शेष राशि के बदले एक संपत्ति की रजिस्ट्री कराने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद राजीनामा होने पर प्रतीक मित्तल को छोड़ दिया गया।

## लुधियाना फोकल प्वाइंट थाने में पूछताछ के बाद रिहाई, शिकायतकर्ता को नकद भुगतान और प्रॉपर्टी रजिस्ट्री का आश्वासन, पुलिस ने गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की






*सोशल मीडिया पर छाया मामला, निवेशकों में जगी उम्मीद...पूछताछ की खबर सामने आते ही पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के निवेशकों में अपनी फंसी रकम वापस मिलने की उम्मीद बढ़ गई। बड़ी संख्या में निवेशक फोकल प्वाइंट थाने पहुंचे, जहां की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए। थाना परिसर के बाहर कंपनी से जुड़े कुछ लोग और परिजन लग्जरी वाहनों के साथ मौजूद दिखाई दिए। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस और कंपनी, दोनों की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया।*

**पहले भी विवादों में रही है कंपनी...**सुषमा बिल्डटेक का नाम पहले भी कई विवादों में सामने आ चुका है। कंपनी का नाम बठिंडा के अधिवक्ता दविंदर पाल सिंह आत्महत्या प्रकरण तथा जीरकपुर स्थित सुषमा क्रिसेंट-2 परियोजना से जुड़े विवादों में भी सामने आया था। इसके अलावा कंपनी के खिलाफ पंजाब रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) और विभिन्न उपभोक्ता आयोगों में भी कई मामले लंबित बताए जा रहे हैं।

### उद्योगपति की शिकायत पर दर्ज हुआ था मामला

यह मामला उद्योगपति दविंदर सिंह बेदी की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने कंपनी को करोड़ों रुपये ब्याज पर दिए थे, लेकिन तय समय पर रकम वापस नहीं की गई। भुगतान के लिए दिए गए कई चेक भी बैंक से बाउंस हो गए। आरोप है कि बाद में बकाया राशि के बदले परियोजना में फ्लैट आवंटित किए गए, लेकिन उनके आवंटन और कब्जा देने को लेकर भी विवाद पैदा हो गया, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा।

### पुलिस बोली- साक्ष्यों के आधार पर होगी कार्रवाई

हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरे मामले की जांच उपलब्ध दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष तरीके से की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में किसी गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, जबकि निवेशकों की नजर अब जांच की दिशा और संभावित कानूनी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# भबात के सरकारी स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, छात्राओं को मिली 38 हजार की प्रोत्साहन राशि



जीरकपुर/यूटर्न/03 अगस्त। सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दौलत सिंह वाला भबात (एसएएस नगर) में सोमवार को हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट और सिप्ला फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से मेरिट अवार्ड समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उद्देश्य शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना था। समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को नकद प्रोत्साहन राशि और मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हुसीना को 12 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर रहीं हरप्रीत को 10 हजार रुपये, जबकि संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं सीमा और नैंसी को आठ-आठ हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में सिप्ला फाउंडेशन की ओर से डिपो मैनेजर विजय कुमार, वित्त विभाग से गगन और जगदेव तथा सीएसआर मैनेजर यशवंत सिंह उपस्थित रहे। हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट की ओर से दिनेश चंद ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन राजनीति शास्त्र की व्याख्याता टीना ने किया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. सुनील बहल ने हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट और सिप्ला फाउंडेशन का विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के इस प्रयास के लिए आभार जताया। उन्होंने शिक्षिकाओं किरण पाल, रजनी और रिंपी का भी स्कूल एवं सिप्ला फाउंडेशन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए विशेष धन्यवाद किया।

# IIT कानपुर के पूर्व छात्र ने अकस्टार्टअप से रचा इतिहास, एक दिन में कमाए 77 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के पूर्व छात्र सिद्धार्थ सक्सेना इन दिनों भारतीय स्टार्टअप जगत में चर्चा का विषय बने हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने अपने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) स्टार्टअप Merlin के जरिए एक ही दिन में करीब 77 करोड़ रुपये की कमाई की है। यह उपलब्धि भारतीय एआई स्टार्टअप इकोसिस्टम के तेजी से बढ़ते प्रभाव को भी दर्शाती है।

सिद्धार्थ सक्सेना ने वर्ष 2019 में आईआईटी कानपुर से पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत, फिनलैंड और कनाडा में मशीन लर्निंग से जुड़े विभिन्न पदों पर काम किया। इसके बाद वर्ष 2022 में उन्होंने अपने



आईआईटी के साथियों के साथ मिलकर एआई स्टार्टअप Merlin की स्थापना की।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, महज तीन वर्षों में Merlin का मूल्यांकन लगभग 5 करोड़ डॉलर (करीब 430 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया है। सिद्धार्थ ने इसके साथ-साथ Thine नाम से एक अन्य एआई वेंचर की भी सह-स्थापना की है।

सिद्धार्थ अपनी सफलता का श्रेय सकारात्मक सोच, जोखिम उठाने की क्षमता और लगातार नवाचार करने की मानसिकता को देते हैं। उनकी उपलब्धि भारतीय युवाओं और स्टार्टअप उद्यमियों के लिए प्रेरणादायक मानी जा रही है। एआई आधारित नवाचारों और वैश्विक बाजार में भारतीय प्रतिभाओं की बढ़ती भागीदारी के बीच यह सफलता भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए भी एक महत्वपूर्ण संकेत मानी जा रही है।

# पॉश इलाके की सड़क धंसी, 25 फीट गहरा खड्डा हुआ, सीवरेज से चमगादड़ निकलने की चर्चाएं

लुधियाना/यूटर्न/3 अगस्त। पॉश इलाके किचलू नगर में डॉ. धामी रोड पर अचानक सड़क धंस गई। जिस कारण सड़क पर गहरा खड्डा हो गया। खड्डे में एक कार जा गिरी। लेकिन समय रहते क्रेन की मदद से उसे बाहर निकाला गया। इस दौरान करीब 25 फीट गहरा खड्डा हो गया। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों द्वारा तुरंत इसकी जानकारी नगर निगम को दी गई। निगम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। वहीं लोगों के मुताबिक निगम द्वारा सीवरेज का लाइन खोली गई, तो उसमें से भारी मात्रा में चमगादड़ बाहर निकले। जिसके बाद इलाके में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान किसी को जानी नुकसान होने से बचाव हो गया।



**कार के नीचे से धंसने लगी जमीन...** कमल सिंघानिया ने बताया कि सोमवार रात को उनके घर के एकदम बाहर कार खड़ी थी। कार के नीचे से धीरे धीरे जमीन धंसने लगी। अचानक उन्होंने देखा तो खड्डा 3-4 फीट गहरा था। उन्होंने तुरंत टीम बुलाई और कार को बाहर निकाला। देखते ही देखते खड्डा और ज्यादा बड़ा हो गया। अगर समय रहते कार बाहर न निकालते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**सीवरेज लाइन से निकले चमगादड़...** कमल सिंघानिया ने बताया कि निगम की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने पास से गुजरती सीवरेज लाइन का ढक्कन खोला। जिसमें से एक साथ भारी मात्रा में चमगादड़ निकले। जिससे इलाके के लोगों में भगदड़ मच गई। कमल ने आरोप लगाया कि इस तरह खतरनाक जानवरों के बीच हम रह रहे हैं, लेकिन प्रशासन को इसकी खबर तक नहीं है।

**कुछ दिन पहले भी धंसी थी पास वाली सड़क...** कमल सिंघानिया ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी सड़क के साथ लगती होटल ऑन वाली सड़क धंस गई थी। वहां पर इससे भी बड़ा खड्डा हुआ था। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि निगम द्वारा इस पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा। सीवरेज लाइन लीकेज और पानी जमीन के अंदर जाने को चैक करने संबंधी निगम के पास कोई साधन नहीं है। वहीं इस गहरे खड्डे के कारण वे घर से अंदर बाहर भी नहीं जा पा रहे।

# एनर्जी ड्रिंक बेचने पर नोटिस जारी, बिक्री बंद करने के निर्देश

## शुगर फ्री आइस क्रीम के नाम पर अमूल द्वारा ग्राहकों से धोखाधड़ी, बेकरियों, फास्ट फूड आउटलेट्स, ड्राई फ्रूट स्टोर्स पर करवाई

अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न 3 अगस्त पिछले दिनों यूटर्न टाइम्स में खबर के संज्ञान पर स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों ने बाजार में उपलब्ध एनर्जी ड्रिंक की बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए जिसके तहत स्थानीय फूड विंग की टीम ने कार्रवाई करते हुए बाजार से एनर्जी ड्रिंक के एक एक वितरक दबिश देते हुए देते हुए Hell Energy Drink, Monster Energy Drink, Amul Sugnr Free Ice Crenm तथा Kinder Joy के लेबल पर कथित भ्रामक जानकारी के संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नोटिस जारी किया गया। उसे इन उत्पादों की बिक्री तत्काल बंद करने तथा रिकॉल प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि फूड सेफ्टी स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बाजार में एनर्जी ड्रिंक के नाम पर कैफीन युक्त पेय बेचने पर रोक लगाने को कहा था यह ड्रिंक युवाओं में भ्रम पैदा करते हैं और इसके स्वास्थ्य को कई खतरे हैं।








04 बुधवार, 15 जुलाई 2026 हरियाणा

एनर्जी ड्रिंक बन रहे है बीमारियों का कारण, नाम के भरम से गुमराह हो रहे हैं युवा

### अमूल शुगर फ्री आइस क्रीम शुगर फ्री नहीं

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस अवसर पर उन्होंने अमूल शुगर फ्री आइसक्रीम की बिक्री को भी तत्काल प्रभाव से बंद करने के लिए कहा जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अमूल शुगर फ्री आइसक्रीम का ब्रांड नाम है जबकि आइसक्रीम शुगर फ्री नहीं है यह लोगों में भ्रम पैदा करती है गौरतलब है कि शुगर के मरीज बड़े चाव से इस आइसक्रीम का सेवन करते आ रहे है। जबकि स्वास्थ्य अधिकारियों का मानना है कि यह ग्राहकों से धोखा करने वाली बात है। इसी तरह किंडर जॉय पर भी भ्रामक जानकारी दी गई है।

### डोमिनोज व बेकरियों का हाइजीन चालान

जांच के दौरान टिब्बा रोड स्थित दो बेकरियों में स्वच्छता एवं सैनिटेशन संबंधी गंभीर कमियां पाई गई। दोनों बेकरी संचालकों को मौके पर ही हाइजीन चालान जारी किए गए। इसके अतिरिक्त पेस्ट्री, केक स्पंज, जैम रोल तथा पेस्ट्री के कुल चार नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं। प्रयोगशाला की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसी अभियान के तहत सुंदर नगर, लुधियाना स्थित डोमिनोज आउटलेट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता संबंधी कमियां पाए जाने पर मौके पर ही हाइजीन चालान जारी किया गया तथा प्रबंधन को तत्काल आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए

**ड्राई फ्रूट हब पर कार्रवाई, किशमिश में मिले कीड़े...** सिविल लाइंस, लुधियाना स्थित एक ड्राई फ्रूट स्टोर से बादाम, अखरोट तथा गाय के घी के नमूने जांच के लिए लिए गए। निरीक्षण के दौरान कीड़ों से संक्रमित किशमिश तथा मक्खियों से दूषित मिश्री मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई गई, जिसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया।

**जिला स्वास्थ्य अधिकारी आशीष चावला ने बताया...** 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' वैन के माध्यम से जिला प्रशासन के सहयोग से जिले भर के फास्ट फूड आउटलेट्स, स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, मिठाई की दुकानों तथा डेयरी प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण किया गया। इस दौरान मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की गई, खाद्य कारोबार संचालकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ भोजन संबंधी जागरूक किया गया तथा अस्वच्छ परिस्थितियों में तैयार खाद्य पदार्थों को नष्ट कराया गया।

**पुलिस के सहयोग से सिगरेट के विक्रेताओं पर छापामारी...** इसी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, लुधियाना ने पंजाब पुलिस के सहयोग से शहर के सिगरेट विक्रेताओं तथा उनके गोदामों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई का उद्देश्य अनिवार्य चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी के बिना आयातित सिगरेटों की बिक्री एवं भंडारण पर रोक लगाना था। जांच के दौरान विभिन्न ब्रांडों की सिगरेटों तथा संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। टीम ने बताया कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (COTPA), 2003 तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार चित्रात्मक स्वास्थ्य चेतावनी के बिना तंबाकू उत्पादों की बिक्री कानून का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य A अधिकारी डॉ. आशीष चावला ने कहा कि इस प्रकार के संयुक्त निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



पेज 06 सावन के पहले सोमवार पर शिवभक्ति में डूबा श्री...

# हाईकोर्ट में मेयर द्वारा जवाब दाखिल करने से पहले पार्षदों ने दिया इस्तीफा

## अमन बग्गा बोले - शहर के विकास पर ऐसे हजारों पद कुर्बान

लुधियाना/यूटर्न/3 अगस्त। नगर निगम की फाइनेंस एंड कॉन्ट्रैक्ट्स कमेटी (एफएंडसीसी) में आम आदमी पार्टी के दो विधायकों के पार्षद बेटों को मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा मेंबर बनाया गया था। इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई से पहले ही दोनों पार्षदों ने मेंबरशिप से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि इसके बाद पार्षद अमन बग्गा ने पोस्ट कर कहा कि शहर का विकास उनके लिए प्राथमिकता है। शहर के लिए ऐसे हजारों पद कुर्बान है। हालांकि उनकी इस पोस्ट के बाद शहर में चर्चा छिड़ गई है। जानकारी के अनुसार कुछ समय पहले मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा एफएंडसीसी में पार्षद अमन बग्गा और पार्षद युवराज सिंह सिद्धू को मेंबर बनाया था। इन नियुक्तियोंको गैरकानूनी करार देते हुए पार्षद गौरव भट्टी ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उक्त याचिका पर कोर्ट द्वारा मेयर से लिखित रुप में जवाब मांगा था। 7 अगस्त को केस अगली सुनवाई थी। लेकिन उससे पहले ही दोनों पार्षदों ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है।





### मैंने पहले ही छोड़ दिया पद - बग्गा

इस मामले में पार्षद अमन बग्गा ने कहा कि विपक्षी दल के एक सदस्य द्वारा मेरी नियुक्ति को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। मामला विचाराधीन होने के कारण एफएंडसीसी की बैठकें नहीं हो पा रही थीं और लुधियाना के विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। मेरे लिए पद से बड़ा शहर का विकास है, इसलिए मैंने 30 जुलाई को ही पद छोड़ दिया था। उस समय सफाई सेवकों का संघर्ष चल रहा था, इसलिए मैंने इसे सार्वजनिक नहीं किया। शहर की भलाई के लिए ऐसे हजारों पद कुर्बान हैं।

# डीएवी पाखोवाल रोड को मिली नई प्रधानाचार्या, डॉ. अनुराधा भाटिया ने संभाली जिम्मेदारी





लुधियाना/यूटर्न/03 अगस्त। डीएवी पब्लिक स्कूल, पाखोवाल रोड में डॉ. अनुराधा भाटिया ने नई प्रधानाचार्या के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उनके स्वागत के साथ विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की एक नई शुरूआत हुई। कार्यभार ग्रहण समारोह का शुभारंभ वैदिक हवन के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय की उन्नति, नए नेतृत्व की सफलता तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. जोहल, प्रबंधिका श्रीमती स्वीन पुरी तथा पूर्व प्रधानाचार्या डॉ. सतवंत कौर भुल्लर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। हवन के उपरांत डॉ. अनुराधा भाटिया ने औपचारिक रूप से प्रधानाचार्या का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने विद्यालय की उत्कृष्ट परंपराओं को आगे बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बेहतर समन्वय के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। विद्यालय परिवार ने डॉ. अनुराधा भाटिया का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में डीएवी पब्लिक स्कूल, पाखोवाल रोड शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करेगा।

# जिले में युवा लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर का खतरा बरकरार

## 40 हजार का था टारगेट 891 लड़कियों ने ही लगवाए टीके, स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक करने में विफल

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/03 अगस्त। स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए फ्री वैक्सीनेशन शुरू की गई है परंतु स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक करने में सफल रहा है 6 जुलाई को तैयार की गई स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में 14 से 15 साल आयु की लगभग 40000 युवा लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया था परंतु यह मंत्र दो प्रतिशत तक ही सीमित रहा यानी की 891 लड़कियों ने सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन लगवाई स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाला सबसे आम व गंभीर कैंसरों है, जिसका मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण है। यह संक्रमण सर्विक्स में असामान्य परिवर्तन पैदा कर सकता है, जो समय पर उपचार न मिलने पर सर्वाइकल कैंसर में परिवर्तित हो सकता हैं। विशेषज्ञो के अनुसार इस बीमारी के प्रारंभिक चरण में कोई लक्षण दिखाई नहीं देते, किसका पता तब चलता है जब स्थिति जटिल हो जाती है इसलिए इससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने को ही सलाह दी जाती है।




### 150 देशों में इस्तेमाल हो रही यह वैक्सीन सुरक्षित व प्रभावी

विश्व स्वास्थ्य संगठन की अनुशंसा के बाद इस वैक्सीन को सर्वाइकल कैंसर के लिए वैक्सीनेशन का इस्तेमाल लगभग 150 देश में किया जा रहा है और सर्वाइकल कैंसर के लिए यह टीकाकरण सबसे प्रभावी बचाव है। इसलिए सरकार ने 14 से 15 साल के बीच की उम्र की लड़कियों के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन की मुहिम शुरू की। प्राइवेट अस्पतालों में करीब चार हजार रुपए खर्च करके लगने वाली वैक्सीन सरकारी अस्पतालों पर बिल्कुल मुफ्त है

### कहां लगाई जा रही है वैक्सीन

लुधियाना, सब-डिविजनल अस्पताल खन्ना, समराला, जगराओं, रायकोट, एमसीएच वर्धमान, अर्थन कम्युनिटी टैल्थ सेंटर जयदरी और अर्थन कम्युनिटी हैल्थ सैटर शिमलापुरी, रूरल कम्यूनिटी हैल्थ सेंटर सुधार, पक्खोवाल, डेहली, मलौद, पायल, मान्नपुर, श्री माळीवाड़ा साहिब, कुमकलां, अस्पताल है। सिधवा बेट, सहित 19 सरकार अस्पताल है जहां एचपीवी का निशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है।

### लुधियाना पंजाब में नीचे से पहले नंबर पर आया

*इस वैक्सीन के निर्धारित लक्ष्य को पूरा न कर पाने का कारण स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा इसका फॉलो अप न करना है बताया जाता है कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 589 सेशन लगाने का प्लान किया गया था परंतु 498 सेशन ही लगाई जा सके जिसके तहत 891 युवा लड़कियां ही वैक्सीन लगवाने पहुंची। लुधियाना इस कड़ी में नीचे से पहले दर्जे पर रह गया है जबकि अन्य लक्ष्य से पिछड़े जिलों में फतेहगढ़ साहब जिसमें 6628 युवतियों का टीकाकरण करने का फैसला किया गया था मैं 265 युक्तियां ही टीकाकरण करने पहुंची इसी तरह मोगा में 11034 युक्त को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके तहत 432 युवा लड़कियों ने वैक्सीन लगवाई और चार प्रतिशत लक्ष्य को हासिल किया जबकि श्री मुक्तसर साहिब राज्य में पहले स्थान पर रहा यह 10249 युवतियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसके तहत 3595 युवतियों ने वैक्सीन लगवाई और 35% लक्ष्य को हासिल किया और पहले नंबर पर रहा उल्लेखनीय है कि राज्य में इस कार्यक्रम के तहत 311783 युवतियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें से मात्र 41835 युवतियां ने ही वैक्सीन लगवाई जिसके तहत ओवरऑल लक्ष्य 13% ही पूरा हो सका है।*

### वैक्सीन लाभकारी परंतु लोग नहीं जागरूक

स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित, सुरक्षित एवं प्रभावी वैक्सीन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन के लिए एचपीवी वैक्सीन को सबसे प्रभावी उपायों में से एक माना है।उसके बावजूद लुधियाना में 14 से 15 साल आयु वर्ग की करीब 40 हजार में से सिर्फ 891 लड़ कियों ने ही यह इंजेक्शन लगवाया है। इस वैक्सीनेशन का आलम यह है कि यह मुहिम 5 मार्च को 90 दिन के लिए शुरू की गई थी, जिसे बाद में 90 दिन के लिए और बढ़ा दिया गया परंतु नतीजे आशा अनुरूप नहीं आ रहे।

यूटर्न टाइम

# तरणतारन ब्लास्ट केस..एनआईए को सप्लीमेंट्री चार्जशीट देने के आदेश

मोहाली /यूटर्न/03 अगस्त। विशेष एनआईए अदालत मोहाली ने वर्ष 2019 के तरणतारन ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से दायर आवेदन स्वीकार करते हुए पहली सप्लीमेंट्री चार्जशीट की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं।

एनआईए की ओर से डिप्टी एसपी/सीआईओ सौरभ भारद्वाज ने लोक अभियोजक के माध्यम से अदालत में आवेदन दायर किया था। इसमें कहा गया कि एनआईए ने डीएलआई के तहत दर्ज मामले की जांच पूरी करने के बाद 11 मार्च 2020 को मुख्य चार्जशीट दाखिल की थी। यह मामला 4 सितंबर 2019 को तरणतारन जिले के गांव पंडोरी गोला के बाहरी क्षेत्र में हुए विस्फोट से




जुड़ा है, जिसमें दो लोगों की मौत हुई थी और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हुआ था।

जांच के दौरान एनआईए ने 27 मार्च 2023 को आरोपी बिक्रमजीत सिंह उर्फ बिक्कर पंझवार के खिलाफ पहली सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी अदालत में पेश की थी। वहीं, इस मामले में आरोपी अमृतपाल सिंह, जो घटना के समय नाबालिग था, के खिलाफ मामला किशोर न्याय बोर्ड के माध्यम से अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, तरणतारन की अदालत में विचाराधीन है।

एनआईए ने अदालत से अनुरोध किया था कि पहली सप्लीमेंट्री चार्जशीट, उसके परिशिष्ट गवाहों की सूची, उनके बयान और संलग्न दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं, ताकि उन्हें अमृतपाल सिंह से संबंधित विचाराधीन मुकदमे में रिकॉर्ड पर प्रस्तुत किया जा सके। विशेष एनआईए न्यायाधीश दिनेश कुमार वाधवा ने आवेदन पर सुनवाई के बाद इसे स्वीकार करते हुए एनआईए को नियमों के अनुसार पहली सप्लीमेंट्री चार्जशीट, उसके सभी परिशिष्ट गवाहों की सूची, गवाहों के बयान और संबंधित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियां उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं।

## हैमर थ्रो में एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दो खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन

–निर्मल सिंह विर्क –

पानीपत/यूटर्न/03 अगस्त। एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जी.टी. रोड, पानीपत के लिए गर्व का विषय है कि विद्यालय के होनहार खिलाड़ी निखिल एवं चंदन का हरियाणा स्कूली खेलों की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हैमर थ्रो स्पर्धा में चयन हुआ है। निखिल का चयन अंडर-17 वर्ग तथा चंदन का चयन अंडर-19 वर्ग में हुआ है।

दोनों खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासित अभ्यास एवं दृढ़ संकल्प के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत के साथ-साथ विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सोनू



पीटीआई के समर्पित मार्गदर्शन को भी जाता है।

विद्यालय के प्रधान श्री प्रमोद बंसल ने दोनों खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों, खेल प्रशिक्षक सोनू पीटीआई तथा समस्त विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहित करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, जिले एवं प्रदेश का नाम और अधिक गौरवान्वित करेंगे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा शर्मा ने अपने संदेश में कहा, 'निखिल और चंदन की यह सफलता उनके अथक परिश्रम, अनुशासन, खेल प्रशिक्षक के समर्पण तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। हमें अपने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व है। हमें पूर्ण विश्वास है कि दोनों खिलाड़ी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे। विद्यालय परिवार उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वर्णिम सफलता की मंगलकामना करता है।' विद्यालय के प्रबंधन, समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने दोनों खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

# पति और ससुर पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस, प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने फंदा लगाया

- 12 साल पहले हुई थी शादी, मारपीट, बेटे की चाह और धमकियों के आरोप
- तलाक का केस दायर करने के कुछ दिन बाद पीजी में मिला शव

मोहाली। मोहाली के गांव सुखगढ़ स्थित एक पीजी में महिला द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने के मामले में थाना सोहाना पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मृतका के पिता की शिकायत पर दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि पति की लगातार मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और ससुर के सहयोग के कारण उनकी बेटी ने यह कदम उठाया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में गांव नंगल सलेमपुर निवासी 63 वर्षीय सुखवंत सिंह ने बताया कि उनकी बेटी संदीप कौर की शादी वर्ष 2012 में कुंबड़ा निवासी मलकीत सिंह से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन करीब एक साल बाद पति ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। कई बार समझाने और पंचायत होने के बावजूद स्थिति नहीं बदली। शिकायत के अनुसार, बेटी के जन्म पर आरोपी पति ने बेटा न होने को लेकर विवाद किया और शराब के नशे में झगड़ा किया। इसके बाद संदीप कुछ महीने मायके रही। बाद में ससुराल पक्ष के माफी मांगने पर उसे वापस भेज दिया गया। इसके बाद बेटे के जन्म के समय भी कथित रूप से पति ने नशे में मारपीट की। बयान में यह भी आरोप लगाया गया है कि 5 मार्च 2024 को संदीप कौर को कथित रूप से चुन्नी से पंखे के सहारे लटका दिया गया था। उस समय परिवार के एक रिश्तेदार ने समय रहते उसे नीचे उतारकर सेक्टर-69 स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जिससे उसकी जान बच गई। इसके बाद भी सामाजिक समझौते के चलते वह दोबारा ससुराल चली गई। पीड़िता के पिता के अनुसार, प्रताड़ना जारी रहने पर करीब आठ-नौ महीने पहले संदीप ने सुखगढ़ स्थित एक पीजी में किराये पर कमरा लेकर अलग रहना शुरू कर दिया था। उसने जून 2026 में पति से तलाक के लिए अदालत में याचिका भी दायर की थी। आरोप है कि जुलाई में पहली सुनवाई के बाद अदालत परिसर के बाहर पति ने उसे बदनाम करने और धमकी देने की बात कही, जिसके बाद वह मानसिक तनाव में रहने लगी।

## शकी हालातों में टाइल कारीगर की मिली लाश, परिवार ने साले पर लगाया हत्या का आरोप

लुधियाना/यूटर्न/3 अगस्त। टिब्बा रोड स्थित गुरु नानक कॉलोनी में एक युवक की मौत हो गई। परिजनों ने मृतक के साले और उसके साथ रहने वाले एक अन्य व्यक्ति पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है।



मृतक सोनू आलम

मृतक की पहचान सोनू आलम के रूप में हुई है। घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार बताए जा रहे हैं। थाना टिब्बा पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सोनू आलम करीब डेढ़ वर्ष पहले बिहार से नौकरी करने लुधियाना आया था। वह टाइल और पत्थर लगाने का काम करता था। परिजनों ने बताया कि उसकी पत्नी के साथ घरेलू विवाद चल रहा था। पत्नी उससे अलग रह रही है। सोनू का एक बेटा भी है। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह सोनू के भाई मीराज आलम ने कमरे में जाकर देखा तो सोनू बेड पर बेसुध पड़ा था। उसे उठाने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी सांसें थम चुकी थीं। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया और आसपास के लोगों को मौके पर बुलाया।

### साथ के कमरे में रहता था साला

परिजनों का आरोप है कि सोनू के साथ उसका साला और एक अन्य व्यक्ति कमरे में रहते थे। दोनों घटना के बाद से फरार हैं, जिससे उन पर हत्या का शक गहरा गया है। एसएचओ गगनदीप सिंह ने कहा कि परिवार के बयान लेकर जांच की जा रही है। जांच में जो भी कारण निकलकर सामने आएगा, उस मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

## हरीपुर कूड़ा ग्रिड की क्षमता दोगुनी, 3.35 करोड़ से लगा 20 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर



डेराबस्सी/यूटर्न/03 अगस्त। डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में सोमवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने 66 केवी हरीपुर कूड़ा ग्रिड में 3.35 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित नए 20 एमवीए, 66/11 केवी पावर ट्रांसफार्मर का लोकार्पण किया। इसके शुरू होने से ग्रिड की कुल ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता 20 एमवीए से बढ़कर 40 एमवीए हो गई है, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति अधिक भरोसेमंद और निर्बाध होने की उम्मीद है। विधायक रंधावा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार बिजली ढांचे को आधुनिक बनाने पर लगातार काम कर रही है। नए ट्रांसफार्मर के चालू होने से पुराने ट्रांसफार्मर पर लोड कम होगा, जिससे उसकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और 11 केवी फीडरों पर लगने वाले रोटेशनल पावर कट में कमी आएगी। साथ ही उपभोक्ताओं को बेहतर वोल्टेज और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि परियोजना का लाभ घरेलू, व्यावसायिक, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं को मिलेगा। बढ़ी हुई क्षमता भविष्य में नए बिजली कनेक्शनों, औद्योगिक विस्तार और बढ़ते लोड की जरूरतों को भी पूरा करने में सहायक होगी। यदि किसी एक ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आती है तो दूसरा ट्रांसफार्मर बिजली आपूर्ति बनाए रखेगा, जिससे पूरी वितरण प्रणाली अधिक विश्वसनीय होगी। पीएसपीसीएल अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के तहत 20 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर के अलावा 66 केवी व 11 केवी बे, प्रोटेक्शन सिस्टम, सिविल कार्य, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग सहित सभी कार्य पूरे किए गए हैं।

चंडीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 मंगलवार, 04 अगस्त 2026





पेज 12 प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव में BJP को ...


# NEET प्रदर्शनकारियों को राहत, राज्यों को FIR वापस लेने की छूट: सुप्रीम कोर्ट




चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को साफ किया कि दिल्ली और दूसरे राज्यों की सरकारें NEET पेपर लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज FIR को बंद या वापस ले सकती हैं, बशर्ते उन पर गंभीर और जघन्य अपराधों का कोई पिछला रिकॉर्ड न हो।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी. मोहना की बेंच ने यह भी साफ किया कि 'आपराधिक रिकॉर्ड' (criminal antecedents) का मतलब सिर्फ गंभीर और जघन्य अपराधों से है। शुरूआत में, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ FIR आगे न बढ़ाने के अपने वादे को लेकर गंभीर है, सिवाय उन छात्रों के जिनका आपराधिक रिकॉर्ड रहा हो।

मेहता ने कहा कि गंभीर और जघन्य अपराधों में शामिल 2,700 से ज्यादा लोगों के खिलाफ FIR वापस नहीं ली जाएंगी। सुनवाई के दौरान, सीनियर वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान वकीलों के बच्चों की भी पिटाई की गई। उन्होंने कहा, ₹वीडियो बहुत चौंकाने वाले हैं। हमने कोर्ट को 300 वीडियो दिए हैं। चूंकि ऊपर से निर्देश आए हैं, इसलिए पुलिस कमिश्नर को इस सब पर ध्यान देना चाहिए। हमने बिना वर्दी वाले उन लोगों की पहचान की है जो पुलिस की ऐसी ज्यादती कर रहे थे। पुलिस कमिश्नर और RAF डायरेक्टर को निर्देश दिया जाना चाहिए कि पुलिस ने पैलेट गन वगैरह का इस्तेमाल क्यों किया। अब इस मामले की सुनवाई 18 अगस्त को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले कहा था कि सिर्फ इसलिए पुलिस की ज्यादती या 'लाठीचार्ज' को सही नहीं ठहराया जा सकता कि कोई आंदोलन हो रहा है, और इस बात पर जोर दिया था कि शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार 'पूरी तरह से गारंटीकृत' है। 20 जुलाई को दिल्ली में CJP के नेतृत्व में हुए मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हुई; सुरक्षाकर्मियों ने संसद की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियों और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया।

# कहीं ऐसा तो नहीं–बंदूक राजा के कंधे पर और गोली पार्टी की छाती पर?

## वड़िंग विरोधियों का यही है हाल! जलालपुर पर फैसले ने आग में घी का काम किया




नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/03 अगस्त। पिछले करीब डेढ़ महीने से पंजाब कांग्रेस के अंदर चल रहा कलह-क्लेश खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। पहले राउंड का चक्कर लगाकर दिल्ली पहुंचे पंजाब कांग्रेस मामलों के प्रभारी भूपेश बघेल की ओर से पंजाब के बाद दिल्ली में पंजाब के नाराज कांग्रेसियों की पार्टी हाईकमान के कुछ वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करवाना और इसके बाद यह बयान देना कि पार्टी में सब शांत है तथा पंजाब को लेकर हाईकमान ने जो फैसला सुनाया था, उसे बदला नहीं जाएगा—इससे पंजाब में यह संदेश गया कि जब पंजाब प्रभारी ने दिल्ली में बैठक के बाद मीडिया के सामने आकर खुद यह बात कह दी है तो अब राजा वड़िंग विरोधियों को अपने तेवर बदलने ही पड़ेंगे। मगर जैसे ही बघेल ने पंजाब के अपने दूसरे राउंड की शुरूआत के पहले दिन मदन लाल जलालपुर को लेकर फैसला सुनाया, उस फैसले ने आग में घी डालने का काम कर दिया। जहां पहले वड़िंग विरोधी खेमे के बड़े नेता कुछ हद तक खुलकर बोलने से संकोच करते दिखाई दे रहे थे, वही चन्नी खेमा उसी दिन शाम को मदन लाल जलालपुर के घर जा बेठा ओर वहा मीडिया के मध्यम से यहा पंजाब ईकाई को यह जताया की जलालपुर को पार्टी से निकालना उनके अधिकार क्षेत्र मे नही वही पार्टी हाईकमान को जलालपुर के फेंसले पर पुनर्विचार करने की अपील की ओर अब वहीं पिछले दो-तीन दिनों से जिस प्रकार कार्यकताओं की ओर से पंजाब कांग्रेस के कार्यक्रमों में राजा विरोधी नेताओं के पक्ष में नारेबाजी की जा रही है, उसे देखकर एक कहावत याद आ जाती है—

### बंदूक किसी की और गोली कोई और चला गया

भाव यह है कि राजा वड़िंग विरोधियों ने अपनी राजनीतिक चमड़ी बचाने और कांग्रेस हाईकमान को आंख दिखाने के लिए एक तीर से दो शिकार करने की चाल शुरू कर दी है। इसकी एक ताजा उदाहरण आज देखने को मिली। जिस मंच पर पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष राजा वड़िंग के साथ पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल भी मौजूद थे, उसी मंच के बिल्कुल सामने राजा विरोधी धड़े से जुड़े नौजवानों की ओर से 'चन्नी जिंदाबाद' के नारे लगाए गए। उनका हौसला इतना बुलंद दिखाई दिया कि राजा वड़िंग के बुलावे पर एक युवक मंच पर चढ़ गया और राजा के ही माइक पर 'चन्नी जिंदाबाद, कांग्रेस जिंदाबाद' के नारे लगाता रहा। इतना ही नहीं, राजा विरोधियों की ओर से 'बघेल गो बैक' के पोस्टर भी उस इलाके में लगाए गए। यह पूरा घटनाक्रम भूपेश बघेल की मौजूदगी में हुआ और वह इसे चुपचाप देखते रहे। लेकिन जो लोग राजनीति की बारीकियों को समझते हैं, वे इस पूरे घटनाक्रम का राजनीतिक संदेश भी समझ गए होंगे कि क्या राजा वड़िंग विरोधी अब हाईकमान के साथ आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में आ गए हैं? और क्या इस लड़ाई में राजा वड़िंग का कंधा केवल बंदूक रखने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि असली राजनीतिक गोली पार्टी के फैसले लेने वाली हाईकमान की छाती के आर-पार करने की तैयारी है?

### राजा केवल मोहरा, असली निशाना हाईकमान?

अगर राजनीतिक तौर पर इस पूरे घटनाक्रम को समझने की कोशिश की जाए तो तस्वीर कुछ इस तरह बनती दिखाई देती है कि राजा वड़िंग विरोधियों को शायद अब यह मालूम हो गया है कि राजा के पीछे सीधे तौर पर कांग्रेस हाईकमान खड़ी है। ऐसे में उन्हें यह भी समझ आ गया है कि अब लड़ाई केवल राजा वड़िंग तक सीमित नहीं रही, बल्कि यदि लड़ना है तो आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। लेकिन यहां सबसे बड़ी राजनीतिक मुश्किल यह है कि अगर राजा विरोधी पंजाब के बड़े नेता स्वयं खुलकर सामने आते हैं तो मामला सीधे पार्टी अनुशासन का बन सकता है। ऐसी स्थिति में पार्टी मदन लाल जलालपुर की तरह उन्हें भी बाहर का रास्ता दिखा सकती है। यही कारण हो सकता है कि अब ऐसी रणनीति अपनाई जा रही हो जिसमें बड़े नेता खुद सामने आने के बजाय ऐसे लोगों और कार्यकताओं को आगे करें, जिनका पार्टी ज्यादा कुछ बिगाड़ न पाए।

# हरिद्वार हादसे में जान गंवाने वाले चार बच्चों के प्रत्येक शोकाकुल परिवार को ₹5 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा



चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने रविवार को हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के दौरान गंगा नदी की तेज धारा में बह जाने से जान गंवाने वाले चंडीगढ़ के चार नाबालिग बच्चों के प्रत्येक शोकाकुल परिवार को ₹5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। राज्यपाल एवं प्रशासक ने आज सायंकाल शोकाकुल परिवारों से उनके निवास स्थान पर जाकर मुलाकात की तथा इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। परिवार के सदस्यों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में चंडीगढ़ प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ा है।

इस घटना को अत्यंत दयविदारक बताते हुए श्री कटारिया ने कहा कि चार मासूम बच्चों का असमय निधन न केवल उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे शहर के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि दिवंगत बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंध रखते थे, जिनमें से कुछ परिवार अत्यंत कठिन आर्थिक परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# जीरकपुर को मिला नया इंस्पेक्टर, अपराध पर सख्ती के लिए पहचाने जाने वाले जीवन सिंह का प्रमोशन



जीरकपुर/यूटर्न/03 अगस्त। जीरकपुर थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर जीवन सिंह को इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत किया गया है। पुलिस विभाग ने उनकी बेदाग सेवा, अनुशासित कार्यशैली और अपराध नियंत्रण में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है। सोमवार को थाना परिसर में आयोजित समारोह में एएसपी (सर्कल जीरकपुर) गजलप्रीत कौर और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह तूर ने उनके कंधों पर स्टार लगाकर शुभकामनाएं दीं। जीरकपुर जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में जीवन सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान अवैध शराब तस्करी पर लगातार कार्रवाई कर कई तस्करों को गिरफ्तार किया और भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। इसके अलावा उन्होंने कई चर्चित मामलों की जांच और खुलासे में भी अहम भूमिका निभाई, जिससे उनकी कार्यशैली को विभाग में सराहना मिली। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पदोन्नति केवल वरिष्ठता का नहीं, बल्कि बेहतर कार्य और जिम्मेदारी निभाने का भी सम्मान है। समारोह के दौरान अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इंस्पेक्टर के रूप में भी जीवन सिंह इसी प्रतिबद्धता के साथ जनता की सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए कार्य करते रहेंगे।

## आप ने 35 वार्डों के लिए शुरू की योग्य उम्मीदवारों की तलाश

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। नगर निगम चुनाव इसी वर्ष दिसंबर में प्रस्तावित हैं। चुनाव की तैयारियों के बीच आम आदमी पार्टी ने चंडीगढ़ फर्स्ट अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत शहर के सभी 35 वार्डों में योग्य और जनसेवा के प्रति समर्पित उम्मीदवारों की तलाश शुरू की गई है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

Mall की Parking में गाड़ी चोरी या क्षतिग्रस्त हो जाए तो जिम्मेदार कौन?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आज लगभग हर Mall, Multiplex, Hospital और Shopping Complex में Parking की सुविधा होती है। कई जगह Parking Ticket पर यह भी लिखा होता है—"Vehicle Owner's Risk" या "Management is not responsible for any loss or theft." ऐसे में सवाल उठता है कि यदि Parking में गाड़ी चोरी हो जाए या क्षतिग्रस्त हो जाए, तो क्या Mall अपनी जिम्मेदारी से बच सकता है? इसका सीधा जवाब हर मामले में ट्हाँट या 'नहीं' नहीं है।

यदि किसी Mall या Commercial Complex ने Parking की सुविधा दी है, चाहे वह मुफ्त हो या शुल्क लेकर, तो उससे यह अपेक्षा की जाती है कि वह उचित सुरक्षा व्यवस्था रखे। जैसे CCTV, सुरक्षा कर्मचारी, प्रवेश और निकास पर निगरानी आदि।

सिर्फ Parking Ticket पर "Management is not responsible" लिख देने से हर स्थिति में उसकी जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती। यदि यह साबित हो जाए कि सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही थी और उसी कारण नुकसान हुआ, तो संबंधित संस्था की जिम्मेदारी तय हो सकती है।

दूसरी ओर, वाहन मालिक की भी कुछ जिम्मेदारियां होती हैं। गाड़ी को ठीक से लॉक करना, चाबी वाहन में न छोड़ना और कीमती सामान खुले में न रखना जैसी सावधानियां जरूरी हैं।

यदि आपकी गाड़ी Parking से चोरी हो जाए या उसे नुकसान पहुंचे, तो सबसे पहले Parking Management को तुरंत सूचना दें। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं और Parking Ticket, CCTV की जानकारी तथा घटना से जुड़े सभी दस्तावेज सुरक्षित रखें।

आजकल कई Parking स्थलों पर CCTV कैमरे लगे होते हैं। ऐसे मामलों में CCTV फुटेज जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है। इसलिए घटना की जानकारी जितनी जल्दी दी जाएगी, उतनी ही आसानी से साक्ष्य सुरक्षित रखे जा सकेंगे।

निष्कर्ष: Parking में वाहन सुरक्षित रखना केवल वाहन मालिक की ही नहीं, बल्कि उचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने वाले संस्थान की भी जिम्मेदारी हो सकती है। यदि Parking में चोरी या नुकसान होता है, तो अपने अधिकारों की जानकारी रखें और समय पर उचित कार्रवाई करें।

# सावन के पहले सोमवार पर शिवभक्ति में डूबा श्री शारदा माता मंदिर

## महादेव के विशेष श्रृंगार ने मोहा मन, सुबह चार बजे से उमड़े श्रद्धालु

जीरकपुर/यूटर्न/03 अगस्त। सावन के पहले सोमवार के अवसर पर श्री शारदा माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के चार बजे से ही भक्त भगवान शिव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए मंदिर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने जल, फूल, फल अर्पित कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर में मां के लाडले कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत शिव भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

श्री शारदा माता परिवार 7249 के चेयरमैन राकेश मेहता ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को लेकर मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद,




पेयजल और अन्य सुविधाओं का प्रबंध संस्था की ओर से किया गया। पंडित दीपक शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न कराई।

दोपहर 12 बजे के बाद भगवान शिव का फूलों, भांग, धतूरा, विभिन्न प्रकार के अनाज और दालों से विशेष श्रृंगार किया गया। इस आकर्षक श्रृंगार को तैयार करने में करीब तीन से चार घंटे का समय लगा। मंदिर के सेवादार तुषार कौशिक, जोनी, प्रकाश कुमार, जतिन धीमान, आशीष बत्रा, रितिक चौहान, आकाश मिश्रा और शिवम कुमार ने पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ यह सेवा निभाई।

मंदिर प्रबंधन के अनुसार सावन माह के पहले दिन से ही प्रतिदिन भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है, जो पूरे महीने जारी रहेगा। इस अनूठे श्रृंगार के दर्शन के लिए प्रतिदिन शहर सहित दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर में पूरे सावन माह धार्मिक आयोजन और भजन-कीर्तन का सिलसिला जारी रहेगा।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### क्या आने वाले समय में Gen Z और Gen Alpha शादी और बच्चे पैदा करने से डरने लगेंगे?

आज की Gen Z और आने वाली Gen Alpha ऐसी दुनिया में बड़ी हो रही है जहाँ आर्थिक अस्थिरता, महंगाई, करियर का दबाव, मानसिक तनाव और बदलती जीवनशैली तेजी से बढ़ रही है। पहले जहाँ शादी और परिवार बसाना जीवन का स्वाभाविक लक्ष्य माना जाता था, वहीं आज कई युवा इसे एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में देखते हैं। घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर बढ़ता खर्च युवाओं को सोचने पर मजबूर करता है कि क्या वे भविष्य में इन जिम्मेदारियों को निभा पाएँगे। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर रिश्तों में होने वाले विवाद, तलाक और तनावपूर्ण पारिवारिक जीवन की खबरें भी विवाह को लेकर डर और संकोच पैदा करती हैं। कई युवा अपनी स्वतंत्रता, करियर और मानसिक शांति को प्राथमिकता देना चाहते हैं। हालाँकि इसका अर्थ यह नहीं कि आने वाली पीढ़ियाँ शादी या बच्चे बिल्कुल नहीं चाहेंगी। बल्कि वे सोच-समझकर, आर्थिक रूप से सक्षम होने के बाद और सही जीवनसाथी मिलने पर ही यह निर्णय लेना पसंद करेंगी। इसलिए भविष्य में विवाह और परिवार की अवधारणा पूरी तरह तो समाप्त नहीं होगी पर उसका स्वरूप बदल सकता है। समाज को भी ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ परिवार बसाना युवाओं के लिए बोझ नहीं, बल्कि खुशी और सुरक्षा का अनुभव बने।

# खुलने के साथ अमरनाथ यात्रा फिर शुरू; 3,886 तीर्थयात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। बारिश से खराब हुए रास्तों की मरम्मत के बाद जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे (NH-44) को सीमित ट्रैफिक के लिए फिर से खोल दिया गया, जिससे फँसे हुए हजारों तीर्थयात्रियों को राहत मिली और रविवार को सालाना अमरनाथ यात्रा फिर से शुरू हो गई।

3,886 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा के बीच 177 गाड़ियों के काफिले में सुबह 2:52 बजे जम्मू के भगवती नगर बेस कैंप से गांदरबल ज़िले के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। 3 जुलाई को शुरू हुई 57 दिनों की इस यात्रा के दौरान जम्मू से रवाना होने वाला यह 25वाँ जत्था था। लगातार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ और उधमपुर के झकानी और रामबन के बनिहाल के बीच 250 किलोमीटर लंबे जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे के कई हिस्से खराब हो गए, जिससे



अधिकारियों को तीर्थयात्रियों की आवाजाही रोकनी पड़ी और यात्रा एक दिन के लिए स्थगित रही।

अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर के समरोली इलाके में देवल ब्रिज के पास सबसे ज्यादा खराब हुए हिस्से को अब सिंगल-लेन ट्रैफिक के लिए ठीक कर दिया गया है, जिससे यात्रा फिर से शुरू हो सकी है। मरम्मत का काम जारी रहने के बावजूद, हल्के मोटर वाहनों को हाईवे का इस्तेमाल करने की इजाजत दी गई है। यात्रा का काफिला प्रभावित हिस्से से गुजरने के बाद काजीगुंड से जम्मू की ओर ट्रैफिक फिर से शुरू किया जाएगा, जबकि भारी वाहन बारी-बारी से (अल्टरनेट डेज पर) चलते रहेंगे।

ट्रैफिक पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे यात्रा शुरू करने से पहले सड़क और मौसम की ताजा जानकारी देख लें, क्योंकि आने वाले दिनों में और बारिश होने की संभावना है। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 4.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर ऊँचे अमरनाथ गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना की है। यह सालाना यात्रा 28 अगस्त को समाप्त होगी।

## डेराबस्सी-बेहड़ा रोड पर दर्दनाक हादसा, बोलेरो से टकराई बाइक; युवक की मौत



डेराबस्सी/यूटर्न/03 अगस्त। डेराबस्सी-बेहड़ा रोड पर मोतिया ग्रीन के पास रविवार शाम हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजकुमार निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, जो वर्तमान में डेराबस्सी की गली नंबर-12 में रह रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो डेराबस्सी की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहा बाइक सवार अचानक नियंत्रण खो बैठा और बोलेरो से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे में उसके सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था, जिसके कारण सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी जान नहीं बच सकी। हादसे की सूचना मिलते ही डेराबस्सी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मेयर और ट्रस्ट चेयरमैन की अनदेखी क्यों?

## ट्रस्ट की जमीन पर बने सरकारी स्कूल के उद्घाटन शिलापट्ट पर उट, शिक्षा मंत्री, विधायक और अधिकारियों के नाम, लेकिन चेयरमैन का नाम गायब

नवीन गोगना

लुधियाना/यूटर्न/03 अगस्त। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा लुधियाना में सरकारी स्कूलों के उद्घाटन के बाद अब समारोह में शहर की मेयर और लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन को मिले प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामला इसलिए महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि जिन स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, उनकी जमीन के स्वामित्व को लेकर नगर निगम और लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट का संबंध होने का दावा किया जा रहा है।

उद्घाटन स्थल पर लगाए गए शिलापट्ट पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस, स्थानीय विधायक अशोक पराशर पप्पी सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के नाम अंकित दिखाई देते हैं, लेकिन संबंधित जमीन यदि लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की है तो शिलापट्ट पर ट्रस्ट चेयरमैन का नाम नहीं होना सवाल खड़ा करता है। इसी तरह शहर की निर्वाचित मेयर को कार्यक्रम में मिले स्थान को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।






### मुख्यमंत्री का स्वागत करने पहुंचीं मेयर, मगर मुख्य फोटो सेशन में नहीं आई नजर; सरकारी जमीन और प्रोटोकॉल को लेकर उठे कई सवाल

**मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पहुंचीं मेयर, फिर फोटो सेशन में क्यों नहीं?**

दिलचस्प पहलू यह है कि मेयर कार्यक्रम से पूरी तरह गैरहाजिर नहीं थीं। उपलब्ध तस्वीर में वह मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करती दिखाई देती हैं। यानी उनकी कार्यक्रम में मौजूदगी स्पष्ट है। इसके बावजूद कार्यक्रम के प्रमुख सामूहिक फोटो सेशन में मेयर नजर नहीं आतीं। ऐसे में सवाल यह है कि मुख्यमंत्री का स्वागत करने के बाद ऐसा क्या हुआ कि शहर की प्रथम नागरिक मुख्य फोटो सेशन का हिस्सा नहीं रहीं? सूत्रों के मुताबिक, उद्घाटन शिलापट्ट पर अपना नाम नहीं देखकर मेयर कथित तौर पर कुछ ही समय बाद कार्यक्रम स्थल से चली गईं। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि मेयर, जिला प्रशासन अथवा सरकार की ओर से सामने आना बाकी है। इसलिए यह स्पष्ट होना जरूरी है कि उनका जल्दी चले जाना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम का हिस्सा था या इसके पीछे कोई अन्य कारण था।

**आम घर की बेटी को मेयर बनाने का दावा, फिर कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व पर सवाल**

मेयर के चयन के समय आम आदमी पार्टी की ओर से इसे आम परिवारों को सत्ता और व्यवस्था में प्रतिनिधित्व मिलने के उदाहरण के तौर पर पेश किया गया था। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान भी आम घरों से आए लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दिए जाने की बात करते रहे हैं। ऐसे में उसी सरकार के मुख्यमंत्री की मौजूदगी वाले बड़े सरकारी कार्यक्रम में शहर की निर्वाचित मेयर को अपेक्षित प्रतिनिधित्व मिला या नहीं, यह सवाल राजनीतिक महत्व भी रखता है। खासकर तब, जब वह मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए कार्यक्रम में मौजूद थीं लेकिन बाद के प्रमुख फोटो सेशन में दिखाई नहीं दीं।

**ट्रस्ट की जमीन थी तो चेयरमैन की भूमिका क्या थी?**

इस पूरे घटनाक्रम का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट से जुड़ा है। संबंधित स्कूल की जमीन ट्रस्ट की होने का दावा किया जा रहा है। यदि आधिकारिक राजस्व एवं संपत्ति रिकॉर्ड भी इसकी पुष्टि करता है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि ट्रस्ट की जमीन पर बने स्कूल के उद्घाटन समारोह में ट्रस्ट चेयरमैन की आधिकारिक भूमिका क्या निर्धारित की गई थी? यदि जमीन ट्रस्ट के स्वामित्व की थी तो क्या ट्रस्ट चेयरमैन को आधिकारिक रूप से समारोह में आमंत्रित किया गया था? यदि किया गया था तो शिलापट्ट पर उनका नाम शामिल न करने का आधार क्या था? यही सवाल दूसरे स्कूल की जमीन के संबंध में भी उठता है। जमीन का वास्तविक मालिकाना रिकॉर्ड सामने आने से स्थिति अधिक स्पष्ट हो सकती है।

**नाम लिखना अनिवार्य नहीं, लेकिन चयन का आधार क्या?**

यहां यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि किसी सरकारी स्कूल के प्रत्येक उद्घाटन शिलापट्ट पर संबंधित मेयर या इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट चेयरमैन का नाम अंकित करना अनिवार्य होने का कोई सामान्य नियम उपलब्ध जानकारी से स्थापित नहीं होता। इसलिए विवाद का केंद्र यह नहीं होना चाहिए कि उनका नाम लिखना कानूनन अनिवार्य था। बड़ा सवाल नामों के चयन के आधार का है। जब शिलापट्ट पर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्थानीय विधायक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को स्थान दिया गया, तो संबंधित स्थानीय निकाय अथवा जमीन की मालिक संस्था के प्रमुख को स्थान देने या न देने का प्रशासनिक आधार क्या था?

**प्रोटोकॉल और प्रतिनिधित्व पर प्रशासन को स्थिति करनी चाहिए स्पष्ट**

मेयर को आम तौर पर शहर की 'प्रथम नागरिक' के रूप में संबोधित किया जाता है, जबकि इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट का चेयरमैन ट्रस्ट का प्रमुख होता है। इसलिए इस मामले को केवल शिलापट्ट पर नाम नहीं होने तक सीमित करके देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह स्थानीय निर्वाचित संस्था और संबंधित सरकारी निकाय को मुख्यमंत्री स्तर के कार्यक्रम में मिले प्रतिनिधित्व का भी सवाल है। अब जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, नगर निगम और लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की ओर से यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि दोनों स्कूलों की जमीन का वास्तविक मालिकाना रिकॉर्ड किस संस्था के नाम है, कार्यक्रम की आधिकारिक अतिथि सूची क्या थी, मेयर और ट्रस्ट चेयरमैन को किस हैसियत से आमंत्रित किया गया था और शिलापट्ट पर नाम शामिल करने का मानदंड किसने तय किया था। इन तथ्यों के सामने आने के बाद ही निष्पक्ष रूप से तय किया जा सकेगा कि यह सामान्य प्रशासनिक व्यवस्था थी, प्रोटोकॉल संबंधी कोई चूक थी या वास्तव में शहर की प्रथम नागरिक और संबंधित ट्रस्ट के प्रमुख को अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया।

**सरकार से सीधा सवाल...**यदि स्कूल की जमीन लुधियाना इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट की थी तो शिलापट्ट पर ट्रस्ट चेयरमैन का नाम क्यों नहीं था? और जब मेयर स्वयं मुख्यमंत्री का स्वागत करने कार्यक्रम में पहुंची थीं, तो वह प्रमुख आधिकारिक फोटो सेशन में क्यों नजर नहीं आईं? सरकार और प्रशासन को इन सवालों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

# कस्टम विभाग की कांग्रेस नेता के ठिकानों पर छापेमारी, टैक्स चोरी और जीएसटी से जुड़ा मामला

## खन्ना-मंडी गोबिंदगढ़ में दस्तावेजों की जांच जारी

खन्ना/यूटर्न/3 अगस्त। कस्टम और सेंट्रल एक्साइज विभाग ने सोमवार खन्ना व मंडी गोबिंदगढ़ में कांग्रेस नेता एवं लोहा कारोबारी रिक्की शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी की। विभाग की अलग-अलग टीमें सुबह से ही संबंधित स्थानों पर पहुंचकर दस्तावेजों और कारोबारी रिकॉर्ड की जांच कर रही हैं। जानकारी के अनुसार, विभाग की एक टीम खन्ना की नाभा कॉलोनी स्थित रिक्की शर्मा के आवास पर जांच कर रही है। वहीं, दूसरी टीम मंडी गोबिंदगढ़ स्थित उनकी औद्योगिक इकाई में दस्तावेजों और कारोबारी रिकॉर्ड की पड़ताल में जुटी हुई है। कार्रवाई के दौरान संबंधित परिसरों में विभागीय अधिकारियों की आवाजाही जारी है। फिलहाल जांच किस मामले को लेकर की जा रही है, इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।


रिक्की शर्मा के घर बाहर खड़ा पुलिसकर्मी।


पूर्व मंत्री गुरकीरत कोटली के साथ रिक्की शर्मा की पुरानी फोटो

### पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली के करीबी

रिक्की शर्मा मंडी गोबिंदगढ़ के प्रमुख लोहा कारोबारियों में से एक हैं और कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। उन्हें पंजाब के पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली का करीबी माना जाता है। हाल ही में हुए खन्ना नगर कौंसिल चुनाव में उनकी पत्नी ने भी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था। सूत्रों के मुताबिक, विभाग की टीम कारोबारी दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण कागजात की गहन जांच कर रही है। इस पूरे मामले पर विभाग की आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है। अधिकारियों द्वारा जांच पूरी होने के बाद ही विस्तृत जानकारी साझा किए जाने की संभावना है।

### दस्तावेजों की पड़ताल या फर्जी बिलिंग से संबंधित

हालांकि, सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, यह जांच कथित टैक्स चोरी, जीएसटी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल या फर्जी बिलिंग से संबंधित हो सकती है। इन दावों की अभी तक विभाग ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जांच पूरी होने के बाद ही कारण स्पष्ट होगा।

# 3 दिन से लापता नाबालिग की शकी हालातों में खेतों से मिली लाश



लुधियाना/यूटर्न/3 अगस्त। बली बेग बस्ती के पास खेतों से तीन दिन से लापता नाबालिग की लाश मिली है। मृतक की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात करीब 11 बजे एक व्यक्ति ने खेतों में लाश पड़े होने की सूचना पुलिस और स्थानीय लोगों को दी। पुलिस के अनुसार लाश काफी हद तक गल-सड़ चुका था, जिसके कारण मौके पर ही मौत के कारणों का पता नहीं चल सका। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ लोग इसे हत्या का मामला बता रहे हैं, जबकि कुछ लोगों ने आशंका जताई है कि युवक की मौत नशे के कारण भी हो सकती है।

यूटर्न टाइम

# पंजाब कांग्रेस में बढ़ी रार: चन्नी समर्थकों के नारों के बीच वड़िंग का पलटवार, हाईकमान के सामने नई चुनौती

## बठिंडा में समर्थक से चन्नी को फोन करवाने की कोशिश; पटियाला से बरनाला तक गूंजे ह्यचन्नी जिंदाबादह्न के नारे

नवीन गोगना

चंडीगढ़/बठिंडा/यूटर्न/03 अगस्त। पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों में जुटी कांग्रेस के भीतर चल रही खींचतान अब सार्वजनिक मंचों पर भी दिखाई देने लगी है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं जालंधर से सांसद चरणजीत सिंह चन्नी और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के समर्थकों के बीच बढ़ती दूरी ने पार्टी हाईकमान की चिंता बढ़ा दी है। पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल के दौरे के दौरान पटियाला, बरनाला और अब बठिंडा में भी चन्नी समर्थकों की नारेबाजी चर्चा का विषय बनी हुई है। बठिंडा में सोमवार को कांग्रेस के 'हर बूथ, कांग्रेस मजबूत' कार्यक्रम के दौरान एक कार्यकर्ता ने चन्नी के समर्थन में नारे लगाए। इस पर राजा वड़िंग ने उसे मंच पर बुलाकर चन्नी को फोन करने के लिए कहा और फोन का स्पीकर माइक के सामने लगाने को कहा। हालांकि चन्नी की तरफ से फोन नहीं उठाया गया। यह पूरा घटनाक्रम पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल की मौजूदगी में हुआ। इससे पहले भी कांग्रेस के कार्यक्रमों में 'चन्नी जिंदाबाद' और 'चन्नी लियाओ, कांग्रेस बचाओ' जैसे नारे सुनाई दे चुके हैं। लगातार नारेबाजी के बीच वड़िंग भी अब सीधे जवाब देते दिखाई दे रहे हैं। एक कार्यक्रम में उन्होंने खुद 'चरणजीत सिंह चन्नी जिंदाबाद' का नारा लगाकर विवाद शांत करने की कोशिश की थी।



### जलालपुर पर कार्रवाई के बाद बढ़ी तल्खी

पंजाब कांग्रेस की मौजूदा खींचतान में पूर्व विधायक मदन लाल जलालपुर के खिलाफ पार्टी की कार्रवाई भी अहम मानी जा रही है। कार्रवाई के बाद चन्नी जलालपुर से मिलने पहुंचे और उनका निलंबन वापस लेने की मांग की। इससे पार्टी के भीतर मतभेद और खुलकर सामने आ गए। दूसरी तरफ कांग्रेस हाईकमान अनुशासन और एकजुटता का संदेश दे रहा है। पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल स्पष्ट कर चुके हैं कि पार्टी में अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी और 2027 में कांग्रेस की सरकार बनाना नेतृत्व का मुख्य लक्ष्य है।

### 2027 से पहले हाईकमान के लिए बड़ी चुनौती

पार्टी के लिए चिंता यह है कि ये घटनाएं ऐसे समय सामने आ रही हैं, जब संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की कवायद चल रही है। चन्नी और वड़िंग दोनों का प्रदेश कांग्रेस में अपना राजनीतिक आधार है, ऐसे में किसी एक खेमे की नाराजगी चुनावी तैयारियों को प्रभावित कर सकती है। चन्नी के अगले राजनीतिक कदम को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं, लेकिन उन्होंने कांग्रेस छोड़ने या किसी दूसरी पार्टी में जाने की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है। इसलिए ऐसी चर्चाओं को फिलहाल राजनीतिक अटकलों के रूप में ही देखा जाना चाहिए। पटियाला से बरनाला और अब बठिंडा तक चन्नी समर्थकों की नारेबाजी ने साफ कर दिया है कि पंजाब कांग्रेस के भीतर मतभेद अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं। 2027 से पहले हाईकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती चन्नी और वड़िंग खेमों को एक मंच पर लाकर इस गुटबाजी पर काबू पाने की होगी।

# कांग्रेस के भीतर मौजूद 'गद्दारों' से रहें सावधान: भूपेश बघेल

## आप सरकार ने पंजाब को अराजकता और लूट की ओर धकेला; चन्नी के समर्थन में लगे नारों का वड़िंग ने किया स्वागत

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/03 अगस्त। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी के भीतर मौजूद 'गद्दारों' से सावधान रहने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्व संगठन को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं। आगामी चुनाव केवल उम्मीदवार नहीं, बल्कि पूरा पार्टी संगठन मिलकर लड़ेगा।

बठिंडा में आयोजित 'हर बूथ मजबूत' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2026 को 'संगठन सृजन साल' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की नियुक्ति भी जमीनी कार्यकताओं से विचार-विमर्श के बाद की गई है।

राहुल गांधी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर दूसरे दलों के 'स्लीपर सेल' से सतर्क रहना जरूरी है। बघेल ने आम आदमी पार्टी सरकार पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसने पंजाब को अराजकता, भ्रष्टाचार और माफिया राज की ओर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ चुकी है तथा रेत और भू-माफिया सहित कई तरह के माफिया सक्रिय हैं। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।






इस अवसर पर पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के समर्थन में लगे नारों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चन्नी पार्टी के वरिष्ठ एवं सम्मानित नेता हैं और इस समय चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वड़िंग ने दावा किया कि पंजाब कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है और आगामी चुनाव जीतने के लिए तैयार है।

# प्रेस क्लब डेराबस्सी की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पारित



डेराबस्सी/यूटर्न/03 अगस्त। प्रेस क्लब सब डिवीजन डेराबस्सी-2589 की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को क्लब के प्रधान हरजीत सिंह लक्की की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्लब की आगामी गतिविधियों, पत्रकार हितों तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान चलाने, पत्रकारों के लिए म्यूजिकल नाइट आयोजित करने तथा पत्रकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर एक सेमिनार आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों ने इन सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का निर्णय लिया। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रेस क्लब सामाजिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भागीदारी बढ़ाएगा और पत्रकारों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर उठाएगा। इसके साथ ही क्लब की आगामी योजनाओं की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के संरक्षक कृष्ण पाल शर्मा, रविंद्र वैष्णव, सरबजीत भट्टी, अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक के अंत में संगठन की मजबूती और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने 'द प्राइड ऑफ पीकॉक: ग्लोरी ऑफ इंडिया' का किया विमोचन



चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सोमवार को पंजाब लोक भवन में कॉफी-टेबल चित्रात्मक प्रकाशन 'द प्राइड ऑफ पीकॉक: ग्लोरी ऑफ इंडिया' का विमोचन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी अनीता कटारिया भी मौजूद रहीं। पंजाब राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू द्वारा संकलित यह प्रकाशन 'सावन: सिम्फनी ऑफ द मॉनसून' विषय पर आधारित है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के प्रति जागरूकता और भारत की प्राकृतिक धरोहर को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि यह प्रकाशन कला, प्रकृति और संरक्षण का सुंदर संगम है। उन्होंने इसे भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर को समर्पित प्रेरणादायी कृति बताते हुए कहा कि यह विशेष रूप से युवाओं को वन्यजीवों और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगा। राज्यपाल ने श्री गुरु नानक देव जी की वाणी 'पवन गुरु, पानी पिता, माता धरत महत' का उल्लेख करते हुए प्रकृति के प्रति सम्मान और संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान कार्तिकेय, मां सरस्वती और भगवान श्रीकृष्ण के साथ जुड़े होने के कारण मोर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा में विशेष स्थान रखता है। उन्होंने नागरिकों से जंगलों, आर्द्रभूमियों और प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ जीवनशैली अपनाकर जैव विविधता बचाने का आह्वान किया।

# प्रशासनिक लापरवाही : जगरांव तहसील में सुबह 9:30 बजे खाली मिले अधिकारियों के दफ्तर, जनता परेशान

## सरकारी आदेशों की धज्जियां: बार-बार शिकायतों के बावजूद समय पर नहीं पहुंच रहे तहसीलदार और नायब तहसीलदार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/अगस्त/जगरांव। जगरांव तहसील कॉम्प्लेक्स में प्रशासनिक लापरवाही और अधिकारियों की मनमानी का एक बार फिर बड़ा मामला सामने आया है। पंजाब सरकार द्वारा सरकारी दफ्तरों का समय सुबह 9:00 बजे निर्धारित किए जाने के बावजूद, यहां तैनात अधिकारी नियमों को ताक पर रख रहे हैं।

मीडिया टीम द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में यह बात सामने आई कि सुबह 9:30 बजे तक भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार के दफ्तर पूरी तरह सूने पड़े थे। जबकि कमरों में बिजली और पंखे चल रहे थे, लेकिन कुर्सियां खाली थीं। दूर-दराज के गांवों और इलाकों से अपने जरूरी काम लेकर आए आम लोग घंटों से अधिकारियों का इंतजार करने को मजबूर दिखे।




### एक हफ्ते पहले भी खुली थी पोल

खास बात यह है कि करीब एक हफ्ते पहले भी मीडिया टीम ने इसी तरह की शिकायतों के बाद तहसील का दौरा किया था, जहां यही हालात पाए गए थे। उस समय अधिकारियों ने सरकारी बैठकों और अन्य व्यस्तताओं का हवाला देकर अपना पल्ला झाड़ लिया था। लेकिन एक हफ्ते बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे यह साफ जाहिर होता है कि अधिकारियों पर खबरों या चेतावनियों का कोई असर नहीं हो रहा है।

### प्रशासन की प्रतिक्रिया

जब इस गंभीर मामले पर जगरांव के एसडीएम बादल दीन से बातचीत की गई, तो उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि अधिकारी समय पर दफ्तर नहीं पहुंच रहे हैं। मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने की बात कही है।

**बड़ा सवाल :** अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन केवल औपचारिकता निभाते हुए स्पष्टीकरण तक ही सीमित रहेगा, या फिर ड्यूटी के प्रति ऐसी लगातार लापरवाही दिखाने वाले लापरवाह अधिकारियों पर कोई सख्त और ठोस कार्रवाई की जाएगी? आम जनता की नजरें अब उच्च प्रशासनिक अधिकारियों के अगले कदम पर टिकी हुई हैं।

# चार अलग-अलग कार्रवाईयों में NDPS एक्ट के तहत चार मामले दर्ज

## दो मामलों में कथित हेरोइन और नशीली गोलियां बरामद, एक मामला नशा करने और एक अन्य ठ्ठ्रर एक्ट के तहत दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/3/अगस्त। लुधियाना ग्रामीण पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नशों के खिलाफ चलाई गई मुहिम के दौरान ठ्ठ्रर एक्ट के तहत चार अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार इनमें कथित नशीली गोलियां, हेरोइन और नशे के सेवन से संबंधित मामले शामिल हैं। सभी मामलों की जांच जारी है और आरोपों की पुष्टि अदालती कार्रवाई और जांच के बाद ही होगी।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार थाना दाखा में NDPS एक्ट की धाराओं के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया गया। पुलिस का दावा है कि मुखबिर की सूचना के आधार पर मुल्लांपुर क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान 11 नशीली गोलियां बरामद की गई। इसी तरह थाना सिधवां बेट में NDPS एक्ट के तहत एक अन्य मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति के पास से कथित तौर पर 4 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके अलावा थाना सिटी रायकोट में NDPS एक्ट के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गश्त के दौरान एक व्यक्ति को कथित तौर पर नशा करते हुए काबू किया गया, जिसके बाद उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। लुधियाना ग्रामीण पुलिस ने कहा है कि नशों के कारोबार और नशे से संबंधित गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। सभी मामलों में सबूत इकट्ठे किए जा रहे हैं और जांच के परिणामों के आधार पर अगली कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने लोगों से भी नशों से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस के साथ साझा करने की अपील की है।



## गुर्जर एकता स्वाभिमान मंच की बैठक आयोजित



कपिल नागपाल

रायपुररानी/यूटर्न/03 अगस्त। एक राष्ट्र, एक चुनाव जनजागरण अभियान के तहत रायपुररानी ब्लॉक के हरिपुर और गुर्जर कॉलोनी में चौपाल बैठकों का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता नेपाल सिंह राणा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा, उसके उद्देश्य तथा लोकतंत्र, विकास और सुशासन पर इसके संभावित सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव होने से समय, संसाधनों और सरकारी खर्च की बचत होगी तथा विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी।

उन्होंने लोगों से 6 अगस्त 2026 को पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित जैनेंद्र पब्लिक स्कूल ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में शुभम सैनी, सतवीर राणा, रोहित सैनी, मोहन लाल, बलविंदर चौधरी, जसविंदर चौधरी, संदीप चौधरी सहित कई सामाजिक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुनील मौदगिल के नेतृत्व में लुधियाना में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी भाजपा - एडवोकेट पारस शर्मा



लुधियाना/यूटर्न/3 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील मौदगिल के सम्मान में हल्का नॉर्थ के वार्ड नंबर 68 में भाजपा युवा नेता एवं एडवोकेट पारस शर्मा की ओर से एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुनील मौदगिल का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नेता उपस्थित रहे। एडवोकेट पारस शर्मा ने कहा कि सुनील मौदगिल भाजपा के कर्मठ, जुझारू और समर्पित नेता हैं, जिन्होंने लंबे समय से संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य किया है। पारस शर्मा ने विश्वास जताया कि सुनील मौदगिल के नेतृत्व में 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी लुधियाना सहित पूरे पंजाब में ऐतिहासिक प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर एडवोकेट वरिंदर शर्मा बॉबी, एडवोकेट विवेक शर्मा, एडवोकेट इन्द्रसेन शर्मा, नरेंद्र मल्ली, सौरभ कपूर, एडवोकेट हर्ष शर्मा, एडवोकेट अभिराज, एडवोकेट अनुराग, डॉ सुशील शर्मा, संजीव सिंगला, रूपिंदर मल्ली, रिंकू मल्ली, गतिक शर्मा, अशोक धीर सहित कई भाजपा वर्कर उपस्थित रहे।

# गलती से दूसरे के खाते में ट्रांसफर हुई पेमेंट, वापिस करने को दिए चैक हुए बाउंस, मामला दर्ज




लुधियाना/यूटर्न/3 अगस्त। चौड़ा बाजार इलाके में एक व्यक्ति से गलती के साथ दूसरे व्यक्ति के खाते में 5.25 लाख रुपए ट्रांसफर हो गए। उसने व्यक्ति से संपर्क करके चैक ले लिए। लेकिन उसमें से कुछ चैक बाउंस हो गए। जिसके बाद आरोपी ने पेमेंट देने से साफ इंकार कर दिया। थाना कोतवाली की पुलिस ने सुंदर नगर के पवन जैन की शिकायत पर चौड़ा बाजार के आशीश कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एएसआई बलदेव सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता पवन जैन द्वारा किसी जानकार को पेमेंट ट्रांसफर की जा रही थी। इस दौरान अचानक उसने उक्त आरोपी को 5.25 लाख रुपए पेमेंट ट्रांसफर कर दी। बाद में उन्हें जब पता चला तो उसने आरोपी से संपर्क किया। इस दौरान आरोपी ने उन्हें कई चैक दे दिए। जिसमें से दो चैक पास हुए, जबकि बाकी के दो चैक क्लियर नहीं हो सके। जिसके बाद उसने पेमेंट वापिस मांगी। लेकिन उसने पैसे देने से भी साफ इंकार कर दिया।

# बघेल का लुधियाना मिशनः कांग्रेस में एकता की फिर होगी रिहर्सल

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस आलाकमान अपने संगठन को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, ऐसे में लुधियाना पार्टी के अंदरूनी सत्ता संघर्ष का नया अखाड़ा बनकर उभर रहा है। पंजाब मामलों के प्रभारी भूपेश बघेल और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग का 6 अगस्त का दौरा आधिकारिक तौर पर संगठन को मजबूत करने के लिए है, लेकिन इससे पार्टी नेतृत्व की उस क्षमता का भी पता चलेगा कि वे वडिंग के समर्थन में कार्यकताओं को एकजुट कर पाते हैं या नहीं, खासकर ऐसे समय में जब अलग-अलग गुट अपना प्रभाव जमाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कांग्रेस संगठन में नई जान फूंकने और जमीनी स्तर के कार्यकताओं से फिर से जुड़ने के लिए अपने पंजाब दौरे को जारी रखते हुए, बघेल 6 अगस्त को वडिंग के साथ लुधियाना का दौरा करेंगे। पार्टी के ङ्गहर बूथ, कांग्रेस मजबूतङ्ग संगठनात्मक अभियान के तहत दोनों नेता शहरी और ग्रामीण कांग्रेस कार्यकताओं के लिए अलग-अलग बैठकों को संबोधित करेंगे। इस दौरे से पहले ही यह कार्यक्रम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो गया है। वडिंग गुट से जुड़े नेताओं ने साफ कर दिया है कि वे पार्टी कार्यक्रमों के दौरान किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं करेंगे और चेतावनी दी



है कि गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भारत भूषण आशु के प्रतिनिधित्व वाले लुधियाना पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर, जिले के बाकी शहरी और ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों के प्रतिनिधि वडिंग का समर्थन कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, बघेल इस दौरे के दौरान दो अलग-अलग सभाओं को संबोधित करेंगे। पहली सभा शहरी क्षेत्र के लिए फिरोजपुर रोड स्थित शहंशाह पैलेस में होगी, जबकि दूसरी सभा साहनेवाल, गिल, जगरांव, दाखा और रायकोट जैसे ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यकताओं के लिए फुल्लनवाल चौक के पास आयोजित की जाएगी। इन बैठकों का मकसद बूथ-स्तर के कार्यकताओं में जोश भरना और चुनावी लड़ाई से पहले पार्टी के संगठनात्मक नेटवर्क को मजबूत करना है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुलदीप सिंह वैद ने कहा कि लुधियाना में पार्टी कार्यकर्ता बघेल और वडिंग के दौरे को लेकर उत्साहित हैं। अंदरूनी विरोध की बातों को खारिज करते हुए, वैद ने आरोप लगाया कि पंजाब कांग्रेस के भीतर फूट डालने की कोशिशें बीजेपी द्वारा की जा रही हैं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में भी इसी तरह की चालें देखी गई थीं। वैद ने आगे कहा कि लुधियाना वेस्ट सीट को छोड़कर, राकेश पांडे, सुरिंदर डावर, पवन दीवान, बलविंदर सिंह बैंस, सिमरजीत सिंह बैंस और संजय तलवार जैसे कांग्रेस के बड़े नेता मजबूती से वारिंग के साथ खड़े थे।

हालांकि, भारत भूषण आशु ने थोड़ी सावधानी बरती। पूर्व मंत्री ने कहा कि उन्हें 6 अगस्त के कार्यक्रम के बारे में पता है, लेकिन वे तभी शामिल होंगे जब उन्हें सम्मानजनक निमंत्रण मिलेगा।

# कॉमनवेल्थ गेम्सः हरियाणा ने 11 पदक जीतकर बढ़ाया देश का मान, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने खिलाड़ियों को दी बधाई

चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। कॉमनवेल्थ गेम्स में हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक जीतकर हरियाणा और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। इस शानदार उपलब्धि पर हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने सभी खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों और परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और मजबूत इरादों के दम पर साबित कर दिया है कि हरियाणा प्रतिभाओं की धरती है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि 11 पदकों में 7 स्वर्ण जीतना प्रदेश के खेल इतिहास की बड़ी



उपलब्धियों में से एक है। उन्होंने विशेष रूप से महिला खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन कर नई मिसाल कायम की है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि यदि बेटियों को सही अवसर और बेहतर सुविधाएं मिलें, तो वे हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक माहौल बना है। 'खेलो इंडिया' जैसी योजनाओं से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिला है। वहीं, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और हरसंभव प्रोत्साहन देने के लिए लगातार काम कर रही है। मंत्री ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी गांवों और छोटे शहरों से निकलकर आज दुनिया के बड़े मंचों पर तिरंगा लहरा रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर प्रतिभाशाली युवा को खेलों में आगे बढ़ने के लिए बेहतर अवसर मिलें, ताकि भविष्य में भी हरियाणा इसी तरह देश का गौरव बढ़ाता रहे।

# सदर जगरांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध पिस्तौल और कार समेत दो आरोपी काबू

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/10/अगस्त। लुधियाना (देहाती) पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एएसआई बलविंदर सिंह समेत साथी कर्मचारियों द्वारा गश्त व चेकिंग संबंध में बस अड्डा पिंड सवद्दी खुर्द में मौजूदगी के दौरान यह कार्रवाई की गई। मुखबर खास की इत्तला पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को संदिग्ध हालत में पकड़ा है, जो किसी संगीन वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

**पकड़े गए दोषियों का विवरण:**

**पहला आरोपी:** प्रभजीत सिंह उर्फ बेबी, पुत्र सुखजीवन सिंह, निवासी पिंड झमेती, जिला लुधियाना।

**दूसरा आरोपी:** सुरजीत सिंह उर्फ उंझा, पुत्र नीला सिंह उर्फ लीला सिंह, निवासी पिंड उंझा, जिला मानसा।

**बरामदगी का विवरण: पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से**

1 पिस्तौल .32 बोर समेत मैगजीन,

2 जिंदा कारतूस .32 बोर,

1 सफेद रंग की क्रेटा कार।

**मुकदमा दर्ज:** इस मामले में पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए थाना सदर जगरांव में Arms Act के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

# बलटाना के तीन पार्कों में लगीं 10 नई बेंचें, बुजुर्गों और मॉर्निंग वॉकर्स को मिलेगी राहत



जीरकपुर/यूटर्न/03 अगस्त। बलटाना के वार्ड नंबर-7 के पार्कों में आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं और मॉर्निंग-ईवनिंग वॉक करने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 10 नई बेंचें स्थापित की गई हैं। लंबे समय से स्थानीय निवासी पार्कों में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की मांग कर रहे थे, जिसे अब पूरा कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार कलगीधर एन्क्लेव के पार्क में 5, हाईलैंड सोसायटी के पार्क में 3 तथा वधावा नगर के पार्क में 2 नई बेंचें लगाई गई हैं। बेंचें लगने के बाद वार्ड इंचार्ज परमिंदर सिंह सोढ़ी, प्रीतपाल सिंह और अन्य वार्ड प्रतिनिधियों ने पार्कों का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों से बातचीत कर क्षेत्र की अन्य समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। वार्ड इंचार्ज परमिंदर सिंह सोढ़ी ने कहा कि पार्क केवल हरियाली का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक मेल-मिलाप और स्वास्थ्य संवर्धन का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए यहां आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पार्कों का रखरखाव और आधारभूत सुविधाएं लगातार मजबूत की जा रही हैं। स्थानीय निवासियों ने नई बेंचें लगाए जाने पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और सैर करने आने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि वार्ड में इसी तरह जनसुविधाओं से जुड़े विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

# मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, सिप्ला फाउंडेशन ने बांटी प्रोत्साहन राशि



जीरकपुर/यूटर्न/03 अगस्त। सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दौलत सिंह वाला भबात (एसएएस नगर) में हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट और सिप्ला फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में मेरिट अवॉर्ड समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना और अन्य विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था। समारोह के दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा हुसीना को 12 हजार रुपये, द्वितीय स्थान हासिल करने वाली हरप्रीत को 10 हजार रुपये तथा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सीमा और नैन्सी को 8-8 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के साथ मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सिप्ला फाउंडेशन की ओर से डिपो मैनेजर विजय कुमार, वित्त विभाग से गगन एवं जगदेव तथा सीएसआर मैनेजर यशवंत सिंह उपस्थित रहे। हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधित्व दिनेश चंद ने किया।

यूटर्न टाइम

# खन्ना हाईवे की अनदेखी बर्दाश्त नहीं, ड्रेनों की सफाई और सड़क मरम्मत के निर्देश

खन्ना/यूटर्न/03 अगस्त। खन्ना की उपमंडल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) स्वाति तिवाना ने सोमवार को अपने कार्यालय में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की देखरेख, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हाईवे की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम लोगों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



बैठक के दौरान एसडीएम ने एनएचएआई अधिकारियों को हाईवे के दोनों ओर बनी नालियों की तत्काल सफाई कराने तथा आवश्यकता वाले स्थानों पर उन्हें ढकने के निर्देश दिए, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या न हो और पानी की निकासी सुचारु बनी रहे। इसके साथ ही मुख्य मार्ग और सर्विस रोड पर क्षतिग्रस्त हिस्सों की जल्द मरम्मत कराने को कहा, जिससे सड़क हादसों की आशंका कम हो सके। स्वाति तिवाना ने हाईवे पर खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र ठीक करने, खुली बिजली की तारों को सुरक्षित ढंग से ढकने तथा बिजली के पोलों पर लगे बोर्डों को सुरक्षा मानकों के अनुरूप कवर करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे कर अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। बैठक में हाईवे की सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाने के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

# जतिंदर पाठक ने संभाला खन्ना नगर परिषद अध्यक्ष का पद, विकास कार्यों को मिलेगी नई गति: तरुणप्रीत सिंह सोंद

खन्ना/यूटर्न/03 अगस्त। पंजाब के कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद की मौजूदगी में सोमवार को जतिंदर पाठक ने खन्ना नगर परिषद के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। नगर परिषद कार्यालय में आयोजित समारोह में पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जी.पी., वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश गुप्ता, उपाध्यक्ष करमजीत सिंह सिफ्ती सहित कई जनप्रतिनिधि, पार्षद, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने कहा कि नगर परिषद चुनाव में जनता ने आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताते हुए स्पष्ट बहुमत दिया था और सरकार जनता से किए गए हर वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि खन्ना के विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे तथा नगर परिषद का संचालन पारदर्शी और ईमानदार तरीके से किया जाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष जतिंदर पाठक ने कहा कि वे शहर के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने बताया कि सफाई व्यवस्था मजबूत करना, सीवरेज प्रणाली में सुधार, बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और वार्डों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# पुलिस की लड़ाई नशा तस्करों से, पीड़ितों का कराया जाएगा मुफ्त इलाज

पंचकूला/यूटर्न/03 अगस्त। पुलिस कमिश्नर आईपीएस पंकज नैन के नेतृत्व में पंचकूला पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ युवाओं और आम लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस की एंटी ड्रग जागरूकता टीम ने सेंट विवेकानंद मिलेनियम विद्यालय, एचएमटी टाउनशिप पिंजौर में आयोजित 17वें मानव कल्याण शिविर में जागरूकता कार्यक्रम किया। विवेकानंद छात्र उत्थान मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम में टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर सतीश ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और अन्य लोगों को



नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने का आह्वान किया।

डीसीपी पंचकूला आईपीएस अदिति सिंह ने कहा कि पुलिस की लड़ाई नशा तस्करों से है, जबकि नशे से पीड़ित लोगों के प्रति पुलिस संवेदनशील और मददगार है। नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्ति पंचकूला पुलिस की हेल्पलाइन 7087081100, 7087081048 और मानस हेल्पलाइन 1933 पर संपर्क कर सकते हैं। पुलिस उनका मुफ्त इलाज करवाने में सहायता करेगी। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन ने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे से बचाकर स्वस्थ, शिक्षित और सुरक्षित समाज का निर्माण करना है।

# तेल टैंकर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, चालक वाहन समेत फरार

लालडू/यूटर्न/03 अगस्त। अंबाला-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर होटल पैराडाइज के सामने हुए सड़क हादसे में एक बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र भजन सिंह निवासी वार्ड नंबर-1, कसबियां वाला मोहल्ला, सनौर (पटियाला) के रूप में हुई है। हादसे के बाद तेल टैंकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि मामले में सुरजीत कौर निवासी लालडू मंडी के बयान पर केस दर्ज किया गया है।

## पूर्व मंत्री तीक्ष्ण सूद ने सैकड़ों भाजपा पदाधिकारियों के साथ दिया इस्तीफा, पंजाब भाजपा में बढ़ी हलचल



होशियारपुर/यूटर्न/03 अगस्त। पंजाब की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पंजाब सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता तीक्ष्ण सूद ने सोमवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। उनके साथ सैकड़ों भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी अपने इस्तीफे सौंप दिए, जिससे प्रदेश भाजपा में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तीक्ष्ण सूद लंबे समय से भाजपा का प्रमुख चेहरा रहे हैं और होशियारपुर क्षेत्र में उनका मजबूत जनाधार माना जाता है। उनके इस्तीफे को संगठन के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, संगठनात्मक मुद्दों और कार्यशैली को लेकर लंबे समय से असंतोष बना हुआ था, जिसके बाद उन्होंने यह फैसला लिया। सामूहिक इस्तीफों के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हैं कि आने वाले दिनों में कई अन्य नेता भी बड़ा फैसला ले सकते हैं। विपक्षी दल भी इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, भाजपा की ओर से अभी तक इस मामले पर विस्तृत आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## बीच लुक में कैटरीना कैफ की खूबसूरती ने खींचा ध्यान



बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ का एक खूबसूरत बीच लुक सोशल मीडिया पर चर्चा में है। रंग-बिरंगी ड्रेस में अभिनेत्री बेहद ग्लैमरस और स्टाइलिश नजर आ रही हैं। हाथ में ड्रिंक लिए उनका सहज और आत्मविश्वास से भरा अंदाज प्रशंसकों को पसंद आ रहा है। सिंपल मेकअप और खूबसूरत मुस्कान ने उनके लुक को और आकर्षक बना दिया। समुद्र किनारे की लोकेशन और उनकी आउटफिट एक-दूसरे के साथ पूरी तरह मेल खाती दिखीं। प्रशंसक कैटरीना की तस्वीर पर लगातार तारीफ भरे कमेंट कर रहे हैं। यह लुक एक बार फिर उनकी खूबसूरती, ग्रेस और फैशन सेंस को दर्शाता है।

# प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव में BJP को चौंकाया; जीत से बिहार में नए राजनीतिक समीकरण के संकेत



चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने सोमवार को अपने राजनीतिक करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की। उन्होंने हाई-प्रोफाइल बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में BJP को हराया और उस सीट पर कब्जा किया जहाँ तीन दशकों से ज्यादा समय से भगवा पार्टी का दबदबा था। इस नतीजे को सिर्फ उपचुनाव में उलटफेर से कहीं ज्यादा अहम माना जा रहा है—यह किशोर के चुनावी रणनीतिकार से चुने हुए राजनेता बनने का सफर है और अगले विधानसभा चुनावों से पहले बिहार की राजनीति में एक नया मोड़ लाता है।

किशोर ने BJP उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को लगभग 19,000 वोटों से हराया, जबकि RJD की रेखा कुमारी काफी पीछे तीसरे स्थान पर रहीं। इस जीत से जन सुराज को अपनी पहली बड़ी चुनावी कामयाबी मिली है और किशोर को सालों तक पर्दे के पीछे से चुनावों को प्रभावित करने के बाद एक विधायी मंच मिला है।

बांकीपुर की लड़ाई ने देश भर का ध्यान खींचा था क्योंकि यह किशोर का पहला चुनावी मुकाबला था। पटना में स्थित इस सीट को लंबे समय से BJP का गढ़ माना जाता रहा है, जिससे यह नतीजा पार्टी के लिए एक बड़ा प्रतीकात्मक झटका बन गया है। वोटों की गिनती के दौरान किशोर लगातार अपनी बढ़त बढ़ाते गए, जिससे BJP के लिए बाद में वापसी की गुंजाइश बहुत कम रह गई।

# 11 दिन की हड़ताल ने बढ़ाया बीमारी का खतरा, कचरे के ढेर बने शहर की नई पहचान



जीरकपुर/यूटर्न/03 अगस्त। नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों की 11वें दिन भी जारी हड़ताल अब केवल सफाई व्यवस्था का मुद्दा नहीं रह गई है, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। शहर के प्रमुख बाजारों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर जमा होने से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। बरसात के मौसम में गंदगी के बीच मच्छर और मक्खियों की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य विशेषज्ञ भी डेंगू, मलेरिया, दस्त और अन्य संक्रामक बीमारियों की आशंका जता रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में लोहगढ़, ढकोली, बलटाना और के एरिया शामिल हैं। लोहगढ़ पार्क के सामने सेवा केंद्र के आसपास कई दिनों से कचरा नहीं उठने के कारण राहगीरों को परेशानी हो रही है। ढकोली में गुरुद्वारा बाउली साहिब के निकट नाले के किनारे गंदगी का अंबार लगा है। के एरिया लाइट प्वाइंट के पास सुखना चो के आसपास भी कूड़ा जमा होने से दुर्गंध फैल रही है। वहीं बलटाना की ट्रिब्यून रोड पर कई स्थानों पर कचरा लंबे समय से पड़ा है, जिससे स्थानीय लोग परेशान हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। जगह-जगह फैली दुर्गंध और गंदगी के कारण बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। शहरवासियों ने राज्य सरकार और नगर परिषद प्रशासन से कर्मचारियों के साथ जल्द वार्ता कर हड़ताल समाप्त कराने तथा पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह केवल सफाई का नहीं, बल्कि शहर के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और स्वच्छ वातावरण का प्रश्न है।

## लोगों का क्या कहना

पिछले कई दिनों से हमारे इलाके में कचरा नहीं उठाया गया है। बारिश के कारण गंदगी और बदबू बढ़ गई है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है। प्रशासन को जल्द समाधान निकालना चाहिए।

अविनाश शर्मा, निवासी लोहगढ़

गुरुद्वारा बाउली साहिब के पास नाले के किनारे कचरे का ढेर लगा है। वहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। यदि जल्द सफाई नहीं हुई तो डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ जाएगा।

मनप्रीत कौर, निवासी ढकोली

# 2041 तक के विकास का रोडमैप तैयार, सीएम सैनी ने चार शहरों के ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान की समीक्षा की



चंडीगढ़/यूटर्न/03 अगस्त। हरियाणा में सुनियोजित शहरी विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को स्टेट लेवल कमेटी (एसएलसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में नारायणगढ़-2031 तथा कुरुक्षेत्र, नारनौल और पानीपत-2041 के ड्राफ्ट डेवलपमेंट प्लान पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप देने पर विचार किया गया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास योजनाएं विकसित भारत-2047 के विजन को ध्यान में रखकर तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य की आबादी, आधुनिक शहरी जरूरतों, पर्यावरण संरक्षण, बेहतर परिवहन व्यवस्था और टिकाऊ विकास को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, बिजलीघर, एंटरटेनमेंट जोन और अन्य बुनियादी सुविधाओं का भी समुचित प्रावधान किया जाए। नारायणगढ़-2031 योजना के तहत करीब 95 हजार की संभावित आबादी को ध्यान में रखते हुए छह नए रिहायशी सेक्टर विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि औद्योगिक और आवासीय क्षेत्रों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कुरुक्षेत्र-2041 योजना में ज्योतिसर क्षेत्र के संरक्षण, सरस्वती नदी के अनुरूप विकास, हरित क्षेत्र, बाढ़ सुरक्षा और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने आइकॉनिक डेस्टिनेशन योजना के तहत 250 एकड़ भूमि आरक्षित करने और सरस्वती नदी के कैचमेंट क्षेत्र में बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

नारनौल-2041 योजना के तहत 20 नए रिहायशी सेक्टर विकसित किए जाएंगे। बैठक में एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (IMLH), नए बाईपास, औद्योगिक क्षेत्रों और हरित विकास पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने वन क्षेत्रों के संरक्षण और इको-टूरिज्म के लिए भी भूमि आरक्षित करने के निर्देश दिए। पानीपत-2041 योजना में बढ़ती आबादी को देखते हुए नए आवासीय क्षेत्रों, सड़क नेटवर्क, एसटीपी, बूस्टिंग स्टेशन और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने पानीपत-शामली राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर एक-एक किलोमीटर तक औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाने और उद्योगों के लिए पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य प्रधान सचिव आर.के. खुल्लर, विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

# स्वस्थ पर्यावरण ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव – गुनजीत रुचि बावा




लुधियाना/यूटर्न/3 अगस्त। स्वस्थ पर्यावरण ही बच्चों के सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आस अहसास एनजीओ द्वारा ग्यासपुरा की प्रीतम कॉलोनी में एक व्यापक पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंजाब बाल अधिकार आयोग की वाइस चेयरपर्सन गुनजीत रुचि बावा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अभियान के दौरान स्थानीय निवासियों, महिलाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी से 300 से अधिक पौधे लगाए गए।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा स्वच्छ वातावरण, शुद्ध हवा और टिकाऊ जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। अभियान में शामिल लोगों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान गुनजीत रुचि बावा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में जीवन जीने का अधिकार है। इस अवसर पर स्थानीय निवासी ठाकुर बंटी पठानिया, संतोष कुमार, अशोक कुमार झा, सूरज, शांति देवी, अनिल कुमार, मदन रावत, हैप्पी, विक्रांत पठानिया, राम सेवक, पूनम देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बच्चे उपस्थित रहे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372